तापमान
अधिकतम 40.1°C
न्यूनतम 26.0°C

हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, सोमवार 15 जून 2026

11 अभिनंदन शूटिंग अकादमी के निशानेबाजों का...



12 प्रभावित परिवारों के साथ, हरसंभव सहायता दी...



## शहर में आज

- मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी शहर में सुबह 9 बजे
- लघु सचिवालय में समाधान शिविर सुबह 10 बजे
- आंबेडकर चौक पर रक्तदान शिविर सुबह 10 बजे
- तेजराम आश्रम भागवत कथा में सुदामा चरित्र एवं परीक्षित मोक्ष कथा शाम 4 बजे

## खबर संक्षेप

### काहनौर में महिला ने फांसी लगाकर जान दी

**रोहतक।** कस्बा कलानौर के गांव काहनौर में एक विवाहिता ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन शुरू कर दी। शव पोस्टमार्टम के लिए पीजीआई में रखवाया गया है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक काहनौर में रीना पत्नी मनोज के दो बच्चे हैं। उसका पति मजदूरी करता है। घरेलू कारणों से वह परेशान चल रही थी। इस वजह से उसने अपने घर पर फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने मौके का निरीक्षण कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

### बुजुर्ग का शव मिला नहीं हुई पहचान

**रोहतक।** सिटी थाना क्षेत्र स्थित प्राचीन श्री शीतला माता मंदिर के पास एक बुजुर्ग का शव मिला है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन की। मृतक की शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे हैं। पुलिस से के अनुसार सुबह प्राचीन शीतला माता मंदिर के पिछले द्वार के पास बुजुर्ग का शव मिला। जिसकी शिनाख्त नहीं हो पाई। स्थानीय लोगों ने पुलिस को बताया कि बुजुर्ग मानसिक तौर पर कमजोर था और इसी क्षेत्र में घूमता रहता था।

### जेएलएन में डूबे लड़के का नहीं मिला सुराग

**रोहतक।** दिल्ली बाइपास स्थित जवाहरलाल नेहरू नहर में डूबे लड़के का दूसरे दिन रविवार को भी कोई सुराग नहीं मिल पाया। पुलिस और गोताखोर की टीम ने कई किलोमीटर दूर तक किशोर की तलाश की लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिला। जिससे परिवार सदमे में है। लड़के की पहचान जनता कॉलोनी निवासी नाबालिग के रूप में हुई है, जो नहर पर एक लड़की के साथ गया हुआ था। दोनों नहर किनारे ग्रिल पर बैठे हुए थे, इसी दौरान लड़के का पैर फिसल गया और वह डूब गया। सूचना के बाद फायर ब्रिगेड की टीम व गोताखोरों की टीम भी मौके पर पहुंची और लड़के की तलाश शुरू की। सर्च अभियान अभी जारी है।

भीषण गर्मी में जल संकट गहराया, 40 हजार की आबादी बेहाल

# नहर भरी, नल सूखे

## चार दिन से बूंद-बूंद को तरसे वार्ड 7 के लोग, जनस्वास्थ्य विभाग पर अनदेखी का आरोप, पार्षद ने उठाई जांच की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

भीषण गर्मी के बीच शहर के वार्ड नंबर-7 में पेयजल संकट लगातार गहराता जा रहा है। वार्ड के विभिन्न क्षेत्रों में पिछले चार दिनों से पानी की आपूर्ति पूरी तरह ठप होने का आरोप लगाते हुए निगम पार्षद कपिल नागपाल ने उपायुक्त को शिकायत भेजकर तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। पार्षद का कहना है कि नहर और जलघर में पर्याप्त पानी उपलब्ध होने के बावजूद हजारों लोग पानी की एक-एक बूंद के लिए परेशान हैं।

उपायुक्त सचिन गुप्ता को भेजे गए पत्र में पार्षद कपिल नागपाल ने बताया कि वार्ड-7 के किला मोहल्ला, गोहाना अड्डा, दिल्ली गेट, गुरु नानकपुरा, पाड़ा मोहल्ला सहित कई क्षेत्रों में पिछले चार दिनों से नियमित जलापूर्ति नहीं हो रही है। इन क्षेत्रों की करीब 30 से 40 हजार आबादी सीधे तौर पर प्रभावित हो रही है। लोगों को पीने, नहाने और घरेलू कार्यों के लिए पानी की व्यवस्था करने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

पार्षद के अनुसार जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से लगातार संपर्क करने पर हर बार एक ही जवाब दिया जा रहा है कि पानी की सप्लाई के निर्धारित समय पर बिजली विभाग द्वारा बिजली कटौती कर दी जाती है, जिसके कारण जलापूर्ति बाधित हो रही है। उन्होंने सवाल उठाया कि यदि यही समस्या है तो संबंधित विभागों के बीच समन्वय स्थापित कर समाधान क्यों नहीं किया जा रहा।



### वार्ड के साथ हो रहा भेदभाव

कपिल नागपाल ने आरोप लगाया कि उनके वार्ड के साथ लंबे समय से भेदभाव किया जा रहा है। वार्ड का बड़ा हिस्सा ऊंचाई वाले क्षेत्र में आता है, जिसके कारण पर्याप्त दबाव से पानी नहीं पहुंच पाता। इस समस्या की जानकारी कई बार अधिकारियों को दी जा चुकी है, लेकिन स्थायी समाधान की दिशा में कोई प्रभावी कदम नहीं उठाया गया। उनका कहना है कि जब भी शिकायत की जाती है, अधिकारियों की ओर से समस्या के समाधान का दावा कर दिया जाता है, जबकि जमीनी स्तर पर स्थिति जस की तस बनी रहती है।

### उपायुक्त से लगाई गुहार

पार्षद ने उपायुक्त से मांग की है कि जनस्वास्थ्य विभाग और बिजली विभाग के अधिकारियों को तलब कर पूरे मामले की जांच कराई जाए। यदि किसी विभाग की लापरवाही सामने आती है तो उसके खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में जनता को इस प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। वार्ड में पानी की समस्या कोई नई नहीं है। करीब एक माह पहले भी पार्षद कपिल नागपाल इसी मुद्दे को लेकर जनस्वास्थ्य विभाग के कार्यालय में धरने पर बैठ चुके हैं। उस समय अधिकारियों ने जल्द समाधान का आश्वासन दिया था, लेकिन अब भी हालात में अपेक्षित सुधार नहीं हुआ है।

### लोग बोले- इस गर्मी में पानी न मिलना गंभीर समस्या

स्थानीय निवासियों का कहना है कि भीषण गर्मी के इस दौर में लगातार चार दिन तक पानी न मिलना बेहद गंभीर स्थिति है। लोगों को निजी टैंकरों पर निर्भर होना पड़ रहा है, जिससे आर्थिक बोझ भी बढ़ रहा है। अब सभी की निगाहें जिला प्रशासन पर टिकी हैं कि आखिर इस समस्या का स्थायी समाधान कब तक हो पाता है।

#### पानी नहीं मिलने से बढ़ गई परेशानी



पिछले चार दिनों से घर में पानी नहीं आने के कारण बेहद परेशानी हो रही है। पीने के पानी के लिए भी इधर-उधर से व्यवस्था करनी पड़ रही है। छोटे बच्चों और बुजुर्गों को सबसे ज्यादा दिक्कत हो रही है। प्रशासन को जल्द से जल्द इस समस्या का समाधान करना चाहिए। -पारस

#### टैंकरों से मंगवाना पड़ रहा पानी



गर्मी के बीच पानी की सप्लाई बंद होना मुसीबत बन गया है। हमें निजी टैंकरों से पानी मंगवाना पड़ रहा है, जिससे अतिरिक्त खर्च उठाना पड़ रहा है। यदि नहर और जलघर में पानी उपलब्ध है तो फिर सप्लाई बाधित होने के कारणों की जांच होनी चाहिए। -विकास

#### कारोबार पर भी पड़ रहा है असर



लोग पानी की समस्या को लेकर परेशान हैं। घरों के साथ-साथ दुकानों और छोटे व्यवसायों पर भी इसका असर पड़ रहा है। संबंधित विभागों को एक-दूसरे पर जिम्मेदारी डालने की बजाय तुरंत समाधान निकालना चाहिए, ताकि लोगों को राहत मिल सके। -सुनील

## इधर...बहलबा माइनर की टेल पर नहीं पहुंचा पानी, सूख रहे खेत



**महम।** खाली पड़ा मुख्य जलघर का वाटर टैंक व सफाई न होने से बहलबा माइनर में उगा घास फूस और तलहटी में जमा मिट्टी।



- महम शहर के जलघर में पानी न पहुंचने से पेयजल संकट का खतरा
- माइनर की सफाई न होने से किसानों में विभाग के खिलाफ भारी नाराजगी
- रजवाहे की सफाई करवाने और टेल तक पानी पहुंचाने की उठाई मांग

**महम।** महम क्षेत्र में भिवानी डिस्ट्रीब्यूटरी नहर से निकलने वाले बहलबा माइनर की टेल पर पिछले दो वर्षों से पर्याप्त पानी नहीं पहुंचने के कारण किसानों में भारी रोष है। किशनगढ़, इमलीगढ़ और महम के किसानों का कहना है कि माइनर की नियमित सफाई नहीं होने से इसकी तलहटी में गाद जमा हो गई है और घास-फूस उग आया है, जिससे पानी का प्रवाह बाधित हो रहा है। किसानों के अनुसार यदि कभी-कभार माइनर में पानी छोड़ा भी जाता है तो वह टेल तक नहीं पहुंच पाता।पानी की कमी का असर महम शहर की पेयजल व्यवस्था पर भी पड़ रहा है। महम के मुख्य जलघर के पांचों वाटर टैंक लगभग खाली पड़े हैं और शहर में फिलहाल ट्यूबवेल के पानी से आपूर्ति की जा रही है।

### पानी चोरी भी बड़ी वजह

इमलीगढ़ और किशनगढ़ गांवों को भी इसी जलघर से पेयजल मिलता है, जिससे वहां भी जल संकट गहराने लगा है। किसानों राजू गोयत, राजा गोयत, नवीन ग्रेवाल, मंगल गोयत, मंजीत सैनी, संदीप गोयत, निहाल सिंह मलिक और काला गोयत ने आरोप लगाया कि माइनर की पटरी पर कई स्थानों पर अवैध पक्के पीट बनाकर पाइपों के जरिए पानी की चोरी की जा रही है। इससे टेल तक पर्याप्त पानी नहीं पहुंच रहा। किसानों ने जिला उपायुक्त सचिन गुप्ता से बहलबा माइनर की तत्काल सफाई करवाने, अवैध पक्के पीट बंद कराने और पानी चोरी करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। उनका कहना है कि समय रहते कदम नहीं उठाए गए तो क्षेत्र में पेयजल संकट और गंभीर हो सकता है।

समझौता लागू न होने पर फिर आंदोलन का ऐलान

## 1 व 2 जुलाई को प्रदर्शन करेंगे पालिका कर्मचारी, 6 से 8 अगस्त तक हड़ताल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा और सरकार के बीच 13 मई को हुए समझौते को लागू करने संबंधी आदेश जारी न होने से नाराज कर्मचारियों ने राज्यव्यापी आंदोलन का ऐलान कर दिया है। कर्मचारी भवन, रोहतक में संघ के राज्य प्रधान नरेश कुमार शास्त्री की अध्यक्षता में राज्य कार्यकारिणी की बैठक में यह निर्णय लिया गया।

बैठक में तय किया गया कि यदि सरकार 30 जून तक समझौते में मानी गई मांगों के आदेश जारी नहीं करती है तो 6, 7 और 8 अगस्त को पूरे प्रदेश में 3 दिन हड़ताल की जाएगी। पहले चरण में 1 और 2 जुलाई को प्रदेश के सभी 87 शहरों में पालिका कर्मचारी उल्टी झाड़ू लेकर विरोध प्रदर्शन करेंगे। राज्य प्रधान नरेश कुमार शास्त्री व महासचिव मांगेराम तिगरा ने कहा कि 13 मई को सरकार और कर्मचारी संघ के बीच हुए समझौते में 17 प्रमुख मांगों को स्वीकार किया गया था।



रोहतक। कर्मचारी भवन में राज्य कार्यकारिणी की बैठक को सम्बोधित करते संघ के राज्य प्रधान नरेश कुमार शास्त्री। *फोटो : हरिभूमि*

### मांगें पूरी न होने से कर्मचारियों में भारी रोष

उन्होंने कहा कि अब तक उन मांगों को लेकर संबंधित विभागों की ओर से कोई आधिकारिक आदेश जारी नहीं किए गए हैं। इससे कर्मचारियों में भारी रोष है। उन्होंने बताया कि 7 जुलाई से 22 जुलाई तक प्रदेश के सभी 22 जिलों में "समझौता लागू करवाओ–संगठन मजबूत बनाओ" रैलियां आयोजित की जाएंगी। यदि 8 अगस्त तक मांगों को लागू नहीं किया गया तो अनिश्चितकालीन हड़ताल पर भी विचार किया जाएगा। संघ नेताओं ने बताया कि समझौते में 13 हजार कर्मचारियों को नियमित करने, 4848 नए पद स्वीकृत करने, छंटनी किए गए कर्मचारियों को बहाल करने, ईएसआई-ईपीएफ सुविधा देने, जोखिम भत्ता लागू करने, मेडिकल सहायता, बीमा सुरक्षा, पदोन्नति और न्यूनतम वेतन जैसी महत्वपूर्ण मांगें शामिल हैं। बैठक में वरिष्ठ नेता रमेश तुषामड़, शिवचरण, राजेश बागड़ी, राजेंद्र सिंह, गुलशन भारद्वाज, सुखदेव सिंह, राजपाल, जयप्रकाश, राजीव खत्री और मनोज कुमार सहित राज्य एवं जिला स्तर के अनेक पदाधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान सर्वसम्मति से वीरमति गोहाना को राज्य कार्यकारिणी का सदस्य भी चुना गया।


## आईटीआई में दाखिले का आज आखिरी दिन

**सांपला।** राजकीय आईटीआई में दाखिला लेने वाले विद्यार्थियों के लिए आज सोमवार को अंतिम दिन है। हसनगढ़ आईटीआई में 540 सीटों पर दाखिले होंगे। विधार्थी सोमवार को आईटीआई में ही अपना आवेदन कर सकते हैं। कौशल विकास व औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग की ओर से आईटीआई में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 2 जून से शुरू की गई थी। आवेदन की अंतिम तिथि 15 जून निर्धारित है। आज का दिन आवेदन करने के शेष बचा हैं। प्राचार्य रविन्द्र चहल ने बताया कि दाखिला प्रक्रिया को आसान बनाने के लिए राजकीय आईटीआई में सहायता केंद्र स्थापित किया गया है। हेल्प डेस्क पर विद्यार्थियों को आवेदन भरने, दस्तावेज अपलोड करने और अन्य तकनीकी समस्याओं के समाधान की निःशुल्क सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है।

दाखिले के लिए विद्यार्थियों को 10वीं और 12वीं की मार्कशीट, आधार कार्ड, फैमिली आईडी, मोबाइल नंबर, ई-मेल आईडी, बैंक खाते का विवरण, जाति प्रमाणपत्र, निवास प्रमाणपत्र और नवीनतम रंगीन फोटो की आवश्यकता होगी।

## निंदाना के पास कार की टक्कर लगने से बाइक चालक की मौत

### कार चालक पर महम थाने में मुकदमा दर्ज





**महम।** गोहाना-भिवानी रोड पर निंदाना गांव के पास शनिवार देर शाम हुए सड़क हादसे में एक बाइक सवार युवक की मौत हो गई। महम पुलिस को दी शिकायत में फरमाणा बादशाहपुर निवासी अंकित पुत्र बलराज ने बताया कि उसका भाई अंतिम अपनी रॉयल एनफील्ड मोटरसाइकिल पर गांव से महम की ओर जा रहा था। निंदाना के पास पेट्रोल पंप से आगे पहुंचने पर सामने से आ रही एक क्रेटा कार ने तेज गति और लापरवाही से वाहन चलाते हुए उसकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची।

### ट्रामा सेंटर में तोड़ा दम

पुलिस टीम ने घायल अंतिम को महम के नागरिक अस्पताल में भर्ती कराया। गंभीर हालत को देखते हुए चिकित्सकों ने उसे रोहतक पीजीआई रेफर कर दिया, जहां ट्रॉमा सेंटर में उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक के भाई अंकित ने आरोप लगाया कि इलाज में देरी के कारण उसके भाई की जान गई। उसने दोषी चालक के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। क्षेत्र में इस मार्ग पर आए दिन सड़क दुर्घटनाएं होती रहती हैं, जिनमें कई लोगों की जान जा चुकी है।

## प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार-2026 के लिए आवेदन आमंत्रित

**रोहतक।** उपायुक्त सचिन गुप्ता ने बताया कि केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा वर्ष 2026 के प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। यह पुरस्कार 5 से 18 वर्ष आयु वर्ग के उन बच्चों को प्रदान किया जाता है, जिन्होंने वीरता, समाज सेवा, खेल, कला एवं संस्कृति, पर्यावरण, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी सहित विभिन्न क्षेत्रों में असाधारण उपलब्धियां हासिल की हों। उन्होंने बताया कि पात्र बच्चे स्वयं अथवा संबंधित संस्थान उनकी ओर से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन के लिए निर्धारित पोर्टल पर पंजीकरण कर आवश्यक दस्तावेज अपलोड किए जा सकते हैं। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2026 निर्धारित की गई है। डीसी ने जिले के प्रतिभाशाली बच्चों से इस अवसर का लाभ उठाने की अपील की। उन्होंने अभिभावकों, शिक्षण संस्थानों और सामाजिक संगठनों से भी योग्य बच्चों को इस प्रतिष्ठित राष्ट्रीय पुरस्कार के लिए आवेदन करने हेतु प्रोत्साहित करने का आग्रह किया।

कवायद | डिपो ने मुख्यालय को भेजा प्रस्ताव, परमिट मिलते ही यात्रियों को मिलेगी बड़ी राहत

# अब रोहतक से मनाली, भीलवाड़ा व लखनऊ के लिए रोडवेज की सीधी बस सेवा की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

लंबे समय से मनाली, भीलवाड़ा और लखनऊ के लिए सीधी बस सेवा की मांग कर रहे यात्रियों को जल्द राहत मिल सकती है। रोहतक रोडवेज डिपो ने इन तीन महत्वपूर्ण रूटों पर बसों के संचालन के लिए संबंधित अधिकारियों को पत्र भेजकर परमिट की मांग की है। परमिट मिलने के बाद इन मार्गों पर नियमित बस सेवाएं शुरू की जाएंगी, जिससे हजारों यात्रियों को सीधे अपने गंतव्य तक पहुंचने की सुविधा मिलेगी। वर्तमान में रोहतक से इन शहरों के लिए सीधी बस सेवा उपलब्ध नहीं होने के कारण यात्रियों को पहले दिल्ली या अन्य बड़े शहरों तक जाना पड़ता है। इसके बाद वहां से दूसरी बस या अन्य साधनों का सहारा लेकर सफर पूरा करना पड़ता है। इस प्रक्रिया में समय और पैसे दोनों की अतिरिक्त खपत होती है। विशेषकर छात्रों, नौकरीपेशा लोगों, व्यापारियों और पर्यटकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है।




### डिमांड का आकलन कर बनाई योजना

रोडवेज अधिकारियों के अनुसार डिपो द्वारा मनाली, भीलवाड़ा और लखनऊ रूटों की यात्री मांग का आकलन करने के बाद परमिट के लिए प्रस्ताव भेजा गया है। इन मार्गों पर बड़ी संख्या में लोग नियमित रूप से यात्रा करते हैं। मनाली पर्यटन के लिहाज से देश के प्रमुख स्थलों में शामिल है, जबकि भीलवाड़ा और लखनऊ व्यापार, शिक्षा तथा रोजगार के महत्वपूर्ण केंद्र हैं। ऐसे में सीधी बस सेवा शुरू होने से यात्रियों को काफी सुविधा मिलेगी।

### पहले शिमला रूट पर चलाई जा रही बस

इससे पहले रोहतक रोडवेज को शिमला समेत कुछ अन्य धार्मिक व पर्यटन मार्गों पर संचालन के लिए परमिट मिले थे। जिसके बाद उन रूटों पर बसों का सफल संचालन शुरू किया जा चुका है और यात्रियों से सकारात्मक प्रतिक्रिया भी मिल रही है। इसे देखते हुए अब डिपो ने नए रूटों के लिए भी पहल तेज कर दी है।

### यात्रियों को नहीं बदलनी पड़ेंगी बसें

प्रस्ताव को मंजूरी मिलने पर रोहतक के अलावा आसपास के जिलों को भी इसका लाभ मिलेगा। दिल्ली पर निर्भरता कम होगी और सीधे सफर की सुविधा मिलने से यात्रा आरामदायक और समय की बचत वाली होगी। विभाग को भी नए रूटों पर यात्रियों की संख्या बढ़ने से राजस्व में वृद्धि की उम्मीद है। परमिट प्रक्रिया पूरी होने के बाद बसों के संचालन का समय, किराया और फेरे तय किए जाएंगे। यात्रियों को उम्मीद है कि जल्द ही इन बहुप्रतीक्षित रूटों पर रोडवेज बसें दौड़ती नजर आएंगी और उन्हें सीधे मनाली, भीलवाड़ा तथा लखनऊ तक यात्रा की सुविधा मिल सकेगी।

### पत्र भेजा

परमिट के लिए पत्र भेजा गया है। यहां से काफी यात्री इन रूटों पर सफर करते हैं। बहुत बार पूछताछ के लिए भी आते रहते हैं। इससे उन लोगों को रोहतक डिपो से अब सीधी सुविधा प्राप्त होगी।

-हंसराज,
संस्थान प्रबंधक, रोडवेज डिपो

राज्य निर्वाचन आयोग ने डीसी से ईवीएम का ब्योरा मांगा

# प्रदेश में पंचायती राज संस्थाओं के आम चुनावों की तैयारी शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

प्रदेश में पंचायती राज संस्थाओं के आगामी आम चुनावों की तैयारियां प्रारंभ हो गई हैं। राज्य निर्वाचन आयोग ने इस दिशा में प्रक्रिया तेज करते



हुए सभी जिलों के उपायुक्तों (डीसी) को पत्र भेजकर ईवीएम (इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन) की वर्तमान स्थिति और उपलब्धता का विस्तृत ब्योरा मांगा है। आयोग की यह कवायद चुनावी तैयारियों को समय रहते व्यवस्थित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। गौरतलब है कि प्रदेश में जिला परिषद, पंचायत समिति और सरपंच पदों के चुनाव नवंबर 2022 में संपन्न कराए गए थे। इन पंचायती राज संस्थाओं का कार्यकाल पांच वर्ष निर्धारित है। इस प्रावधान के अनुसार मौजूदा पंचायत निकायों का कार्यकाल नवंबर 2027 तक पूरा होगा। ऐसे में नियमानुसार अगले आम चुनाव भी इसी अवधि के आसपास कराए जाने हैं, लेकिन प्रशासनिक स्तर पर तैयारी अभी से शुरू कर दी गई है।

### पत्र भेजकर स्पष्ट रूप से मांगी जानकारी

राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से जिलों को भेजे गए पत्र में स्पष्ट रूप से ईवीएम की स्थिति, उनकी कार्यशीलता, मरम्मत की आवश्यकता, भंडारण की व्यवस्था और अतिरिक्त मशीनों की उपलब्धता से जुड़ी जानकारी मांगी गई है। इसके अलावा आयोग ने यह भी संकेत दिए हैं कि आगामी चुनावों में सुचारू मतदान प्रक्रिया सुनिश्चित करने के लिए उपकरणों की अग्रिम समीक्षा आवश्यक है। सूत्रों के अनुसार आयोग का उद्देश्य केवल तकनीकी तैयारी तक सीमित नहीं है, बल्कि चुनावी प्रबंधन को मजबूत और पारदर्शी बनाना भी है। समय रहते ईवीएम की स्थिति का आकलन होने से किसी भी तरह की तकनीकी कमी या कमीशनिंग की समस्या को दूर किया जा सकेगा।

### प्रशासनिक पत्राचार के बाद हलचल तेज

प्रशासनिक स्तर पर भी इस पत्र के बाद हलचल तेज हो गई है। सभी जिलों में संबंधित विभाग ईवीएम के भंडारगृहों की जांच और मशीनों के परीक्षण की तैयारी में जुट गए हैं। अधिकारियों का मानना है कि चुनाव प्रक्रिया लंबी और बहुस्तरीय होती है, ऐसे में प्रारंभिक तैयारियां जितनी मजबूत होंगी, मतदान प्रक्रिया उतनी ही सुचारू रूप से संपन्न होगी। राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि भले ही चुनाव 2027 में संभावित हों, लेकिन निर्वाचन आयोग द्वारा अभी से तैयारी शुरू करना एक सामान्य और आवश्यक प्रक्रिया है। इससे चुनावी मशीनरी को समय पर सक्रिय करने और मतदान के दौरान किसी प्रकार की बाधा से बचने में मदद मिलती है।

## खबर संक्षेप



### स्वास्थ्य जांच शिविर में 30 लोगों की जांच हुई

**रोहतक।** डीएलएफ कॉलोनी स्थित बाबा बंदा बहादुर चैरिटेबल डिस्पेंसरी एवं डायलिसिस सेंटर में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ. रमन पसरीजा ने सांस, फेफड़े एवं छाती के रोगियों की जांच की। इस दौरान प्रीतम भयाना, प्रेम ढींगड़ा, मदन लाल मेहता, इंद्रपाल गुलाटी, एन.के. गिरोत्रा सहित अन्य मौजूद रहे।

### प्राकृतिक खेती अपनाने के लिए किया जागरूक

**गोहाना।** कृषि एवं किसान कल्याण विभाग ने रविवार को क्षेत्र के चार गांवों में जागरूकता शिविर आयोजित कर किसानों को प्राकृतिक खेती अपनाने के लिए प्रेरित किया। शिविर गांव आहुलाना, भैंसवान खुर्द, लाठ और गंगाना में लगाए गए। सहायक तकनीकी प्रबंधक कृष्ण खासा, ज्योति मलिक, मुकेश, पिंकी मलिक तथा सुपरवाइजर सीमा ने किसानों को प्राकृतिक खेती के लाभ और आधुनिक कृषि तकनीकों की जानकारी दी।

### दहेज मामलों के निपटारे के लिए नई पहल, सरकार ने दिया बड़ा संकेत

# दहेज निषेध व्यवस्था होगी डिजिटल शिकायतों की ट्रैकिंग होगी पारदर्शी

■ तकनीक आधारित प्रशासनिक प्रणाली से पीड़ितों को समय पर न्याय दिलाने में मिलती है मदद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

हरियाणा में दहेज निषेध अधिनियम, 1961 के प्रभावी क्रियान्वयन को और अधिक मजबूत और पारदर्शी बनाने की दिशा में सरकार ने बड़ा संकेत दिया है। सरकारी स्तर पर यह भी संकेत दिए गए हैं कि आने वाले समय में दहेज निषेध से जुड़ी पूरी व्यवस्था को डिजिटल प्लेटफॉर्म से जोड़ा जाएगा, जिससे शिकायतों की ट्रैकिंग, मॉनिटरिंग और कार्रवाई की प्रक्रिया अधिक तेज और पारदर्शी हो सकेगी। राज्य सरकार का मानना है कि वर्तमान समय में तकनीक आधारित प्रशासनिक प्रणाली से न केवल कार्यप्रणाली में सुधार होता है, बल्कि पीड़ितों को समय पर न्याय दिलाने में भी मदद मिलती है। इसी दिशा में दहेज निषेध से जुड़े मामलों के निपटारे के लिए एकीकृत डिजिटल सिस्टम विकसित करने की तैयारी की जा रही है।


एआई जेनरेटेड

#### मजबूत कदम

विभागीय अधिकारियों का कहना है कि दहेज प्रथा के खिलाफ चल रही लड़ाई को केवल कानूनी ढांचे तक सीमित नहीं रखा जा सकता, बल्कि इसे तकनीक और जनजागरूकता के साथ जोड़ना जरूरी है। डिजिटल प्रणाली इस दिशा में एक मजबूत कदम साबित हो सकती है। वर्तमान में दहेज निषेध से जुड़े मामलों की निगरानी जिला और उपमंडल स्तर पर की जाती है, लेकिन कई बार फाइलों की भौतिक प्रक्रिया और समन्वय की कमी के कारण देरी की शिकायतें सामने आती हैं।

#### निगरानी की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी

प्रस्तावित डिजिटल व्यवस्था के तहत दहेज संबंधी शिकायतों को ऑनलाइन दर्ज करने, उनकी स्थिति को रियल टाइम ट्रैक करने और संबंधित अधिकारियों की कार्रवाई की निगरानी की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। इससे शिकायतकर्ता को बार-बार कार्यालयों के चक्कर लगाने की आवश्यकता नहीं होगी और पूरी प्रक्रिया एक ही प्लेटफॉर्म पर दिखाई देगी। सूत्रों के अनुसार इस प्रणाली में जिला स्तर से लेकर राज्य स्तर तक के सभी दहेज निषेध अधिकारियों को जोड़ा जाएगा। जैसे ही कोई शिकायत दर्ज होगी, वह सीधे संबंधित अधिकारी के पास पहुंचेगी और उसकी स्थिति हर चरण पर अपडेट होती रहेगी। इससे लंबित मामलों में कमी आने की संभावना भी जताई जा रही है।

#### जवाबदेही तय होगी

सरकार का यह भी मानना है कि डिजिटल मॉनिटरिंग से जवाबदेही बढ़ेगी और किसी भी स्तर पर लापरवाही की स्थिति में तुरंत पहचान संभव हो सकेगी। इसके अलावा, शिकायतों के निपटारे की समय-सीमा तय करने और उसकी नियमित समीक्षा की व्यवस्था भी डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से की जा सकती है। नई व्यवस्था में डेटा एनालिटिक्स का उपयोग भी किए जाने की संभावना है, जिससे यह पता लगाया जा सकेगा कि किन क्षेत्रों में दहेज से संबंधित शिकायतें अधिक आ रही हैं और किन जिलों में कार्रवाई की गति धीमी है। इससे नीति निर्माण और प्रशासनिक सुधारों में भी मदद मिलेगी।

#### राहत की उम्मीद मजबूत

आने वाले समय में इस डिजिटल सिस्टम को चरणबद्ध तरीके से लागू किया जाएगा। पहले इसे पायलट प्रोजेक्ट के रूप में कुछ जिलों में शुरू किया जा सकता है, जिसके बाद पूरे राज्य में विस्तार किया जाएगा। इस पहल को दहेज निषेध व्यवस्था में पारदर्शिता, जवाबदेही और त्वरित कार्रवाई की दिशा में एक महत्वपूर्ण सुधार के रूप में देखा जा रहा है, जिससे पीड़ितों को समय पर राहत मिलने की उम्मीद और मजबूत हो गई है।

## तिलियार लेक में वाटर टैंक निर्माण योजना फिर चर्चा में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

शहर में जल संकट की समस्या एक बार फिर गंभीर हो गई है। जेएनएल फीडर की सप्लाई बंद होने के बाद वैकल्पिक व्यवस्था के तौर पर भालौठ सब ब्रांच से पानी छोड़ा गया है, लेकिन यह व्यवस्था शहर की पूरी मांग को पूरा करने में सक्षम नहीं है। इसी बीच तिलियार लेक क्षेत्र में प्रस्तावित वाटर टैंकों की योजना एक बार फिर चर्चा में आ गई है, जिसकी फाइल पिछले करीब डेढ़ साल से चंडीगढ़ में लंबित बताई जा रही है। सूत्रों के अनुसार कच्चे पानी के भंडारण के लिए तैयार यह प्रस्ताव अभी तक स्वीकृति की प्रक्रिया से आगे नहीं बढ़ पाया है। इस देरी को लेकर शहर में नाराजगी बढ़ रही है, क्योंकि जल संकट हर साल गर्मी में और अधिक गंभीर हो जाता है।

#### टैंकरों पर निर्भरता

शहर में पहले से ही जल वितरण प्रणाली दबाव में थी और कई क्षेत्रों में लोगों को दिन में दो बार नियमित पानी नहीं मिल पा रहा था। अब जेएनएल फीडर बंद होने के बाद स्थिति और खराब हो जाएगी। दर्जनों कॉलोनियों में वर्षों से पानी की भारी किल्लत बनी हुई है और लोगों को घरेलू जरूरतों के लिए टैंकरों या निजी स्रोतों पर निर्भर रहना पड़ रहा है।

#### अस्थायी आपूर्ति शुरू

सिंचाई विभाग की ओर से भालौठ सब ब्रांच से अस्थायी आपूर्ति शुरू की गई है, लेकिन विशेषज्ञों का मानना है कि यह व्यवस्था शहर की वास्तविक जरूरतों के मुकाबले पर्याप्त नहीं है। जेएनएल फीडर की उच्च क्षमता के मुकाबले भालौठ सब ब्रांच की क्षमता कम होने के कारण सप्लाई का दबाव लगातार बना हुआ है। सप्लाई बाधित होते ही शहर सीधे संकट में आ जाता है।

#### स्थायी समाधान बन सकती थी परियोजना

तिलियार क्षेत्र में प्रस्तावित वाटर टैंक परियोजना रोहतक की जल समस्या का स्थायी समाधान बन सकती थी, लेकिन प्रशासनिक स्तर पर फाइल प्रक्रिया में लगातार देरी के कारण यह योजना अब तक धरातल पर नहीं उतर सकी है। लोगों का मानना है कि यदि समय रहते इस परियोजना को मंजूरी मिल जाती तो गर्मी के मौसम में उत्पन्न होने वाले जल संकट की स्थिति को काफी हद तक नियंत्रित किया जा सकता था। फिलहाल शहर को नहर आधारित अस्थायी आपूर्ति पर निर्भर रहना पड़ रहा है, जो मांग के अनुरूप पर्याप्त नहीं है। इसी कारण कई इलाकों में जल संकट गहराता जा रहा है। इस पूरे मामले को लेकर प्रशासनिक कार्यप्रणाली और निर्णय लेने की गति पर भी सवाल उठ रहे हैं।

## एसटीएफ व बदमाश के बीच हुई मुठभेड़ में विजय सैनी हत्याकांड का आरोपी इंद्रपाल ढेर, इंस्पेक्टर घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

क्षेत्र के दुजाना गांव के खेतों में रविवार देर रात स्पेशल टास्क फोर्स और एक बदमाश के बीच हुई मुठभेड़ में विजय सैनी हत्याकांड का आरोपी इंद्रपाल मारा गया। मुठभेड़ के दौरान एसटीएफ के इंस्पेक्टर राकेश भी गोली लगने से घायल हो गए। उनके हाथ में गोली लगी है और उन्हें उपचार के लिए नागरिक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार करीब 15 दिन पहले दुजाना गांव के खेतों में विजय सैनी की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में इंद्रपाल का नाम सामने आने के बाद पुलिस द्वारा उसकी तलाश में लगातार दबिश दी जा रही थी। रविवार रात एसटीएफ को इंद्रपाल की लोकेशन दुजाना गांव के पास मिली। इसके बाद टीम ने उसे ट्रेस कर घेराबंदी शुरू की। पुलिस द्वारा दिन में विभिन्न स्थानों पर नाके लगाए गए थे। एसटीएफ अधिकारियों के अनुसार आरोपी को आत्मसमर्पण करने के लिए कहा गया, लेकिन उसने पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में एसटीएफ ने भी गोली चलाई। क्रॉस फायरिंग के दौरान एसटीएफ इंस्पेक्टर राकेश के हाथ में गोली लग गई, जिससे वह घायल हो गए। मुठभेड़ में इंद्रपाल को भी गोली लगी। पुलिस द्वारा मुठभेड़ में घायल बदमाश इंद्रपाल व इंस्पेक्टर राकेश को उपचार के लिए स्थानीय नागरिक अस्पताल लाया गया।


**झज्जर।** घायल इंस्पेक्टर का हालचाल पूछते हुए आईजी एसटीएफ बी सतीश बालन।

#### घायल इंस्पेक्टर का हाल पूछने नागरिक अस्पताल पहुंचे एसटीएफ आईजी सतीश बालन

घटना की सूचना मिलने के बाद एसटीएफ आईजी सतीश बालन भी नागरिक अस्पताल पहुंचे। उन्होंने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि रोहतक जिले के कसरेंटी गांव निवासी बदमाश इंद्रपाल दुजाना गांव में किसी वारदात को अंजाम देने के लिए आने वाला है। इंद्रपाल पर विजय सैनी व संजय बिरधाना की पत्नी की हत्या में शामिल होने सहित कई मामले दर्ज है।

#### संजय बिरधाना का मुख्य सहयोगी था इंद्रपाल

: पुलिस कमिश्नर डॉक्टर राजश्री ने बताया कि एसटीएफ के साथ हुई मुठभेड़ में ढेर हुआ इंद्रपाल विजय सैनी हत्याकांड के मुख्य आरोपी संजय बिरधाना का करीबी सहयोगी माना जाता था। इस मामले में पुलिस पहले ही इंद्रपाल की गर्लफ्रेंड को गिरफ्तार कर चुकी है। घटना की सूचना मिलते ही उन्होंने भी नागरिक अस्पताल पहुंच कर मुठभेड़ में घायल एसटीएफ इंस्पेक्टर राकेश का हालचाल पूछा और अधिकारियों से पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली।

### न्यू इनकम टैक्स एक्ट-2025 के टीडीएस व कैपिटल गेन प्रावधानों पर हुआ मंथन

**रोहतक।** इनकम टैक्स बार एसोसिएशन की ओर से इनकम टैक्स बार रूम में न्यू इनकम टैक्स अधिनियम-2025 के तहत टीडीएस एवं कैपिटल गेन से जुड़े नए प्रावधानों पर एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में दिल्ली से आमंत्रित कर विशेषज्ञ सीए मनोज मित्तल ने मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित होकर नए कानून की महत्वपूर्ण जानकारियां साझा कीं। सीए मनोज मित्तल ने बताया कि नए आयकर कानून के लागू होने के साथ कई नए प्रावधान प्रभावी हो गए हैं। उन्होंने कहा कि आयकर अधिनियम 1961 के अधिकांश प्रावधानों को नए इनकम टैक्स एक्ट-2025 में समाहित किया गया है। उन्होंने नए सेक्शनों, संशोधित नियमों तथा नए फॉर्म्स की विस्तृत जानकारी देते हुए उनके व्यावहारिक प्रभावों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में टीडीएस वार्ड के आयकर अधिकारी जगदीप सिंह भी विशेष रूप से मौजूद रहे।

## सैल्यूट तिरंगा हरियाणा की संकल्प सभा, सवित मलिक वर्किंग प्रेसिडेंट

■ तिरंगा केवल ध्वज नहीं, बल्कि देश की एकता, अखंडता और गौरव का प्रतीक , राष्ट्र ध्वज का सम्मान हम सबका कर्तवय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

राष्ट्रभक्ति, राष्ट्रीय एकता और तिरंगे के सम्मान को समर्पित संगठन सैल्यूट तिरंगा द्वारा धींगड़ा कम्युनिटी सेंटर, ओल्ड आईटीआई के निकट संकल्प सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में नागरिकों ने भाग लेकर राष्ट्रहित एवं सामाजिक समरसता के लिए कार्य करने का संकल्प लिया।

सभा के दौरान संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. राजेश कुमार झा ने सवित मलिक को सैल्यूट तिरंगा हरियाणा का वर्किंग प्रेसिडेंट नियुक्त किए जाने की घोषणा की। उनकी नियुक्ति पर उपस्थित लोगों ने खुशी व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में संगठन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष संजीव तेवतिया, पूर्व मंत्री सच्चिदानंद पोखरियाल, हरियाणा के पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर तथा रोहतक के पूर्व मेयर मनमोहन गोयल विशेष रूप से उपस्थित रहे। वक्ताओं ने कहा कि तिरंगा केवल एक ध्वज नहीं, बल्कि देश की एकता, अखंडता और गौरव का प्रतीक है। प्रत्येक नागरिक का दायित्व है कि वह राष्ट्रध्वज के सम्मान और राष्ट्रहित के प्रति सदैव समर्पित रहे। सभा में उपस्थित लोगों ने तिरंगे के सम्मान को जन-जन तक पहुंचाने तथा समाज में राष्ट्रभक्ति की भावना को मजबूत करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम की सफलता के लिए सवित मलिक और उनकी टीम को बधाई दी गई।

आयोजन को सफल बनाने में संजय वर्मा, कमलदीप फोगाट, सीए निखिल, अजय बलहारा एवं नोनी सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अतिथियों ने टीम के प्रयासों की सराहना करते हुए भविष्य में भी राष्ट्रहित एवं जनजागरण के कार्यों को इसी उत्साह के साथ आगे बढ़ाने का आह्वान किया।


**रोहतक।** आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते पूर्व मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर।

### आगाज चैरिटेबल ट्रस्ट ने मीठे पानी की छबील लगाकर गर्मी से दिलाई राहत

**रोहतक।** भीषण गर्मी के मौसम में जनसेवा के उद्देश्य से आगाज चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा रविवार को जींद रोड स्थित कार्यालय पर मीठे पानी की छबील लगाई गई। इस सेवा कार्य के माध्यम से राहगीरों एवं आमजन को शीतल एवं मीठा पानी वितरित किया गया। कार्यक्रम में ट्रस्ट की अध्यक्षा एडवोकेट ममता रोहिल्ला, सेक्रेटरी मैडम नीरू, नरेश खत्री, मैडम पूनम, अनुष्का, श्वेता, प्रवीण मित्तल तथा ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष एडवोकेट अजय सचदेवा उपस्थित रहे। सभी सदस्यों ने सेवा कार्य में बढ़-चढ़कर भाग लिया और लोगों को मीठा पानी वितरित किया। इस अवसर पर ट्रस्ट पदाधिकारियों ने कहा कि गर्मी के मौसम में प्यासे लोगों को शीतल जल उपलब्ध कराना मानव सेवा का एक महत्वपूर्ण कार्य है। आगाज चैरिटेबल ट्रस्ट भविष्य में भी समाजहित एवं जनकल्याण के ऐसे सेवा कार्य निरंतर करता रहेगा। स्थानीय लोगों एवं राहगीरों ने ट्रस्ट के इस प्रयास की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादायक पहल बताया।



## हरिओम मित्तल भाली बने अग्रवाल वैश्य समाज के प्रदेश सह-महासचिव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

समाजसेवी हरिओम मित्तल भाली को अग्रवाल वैश्य समाज हरियाणा का प्रदेश सह-महासचिव नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति संगठन के प्रदेश अध्यक्ष अशोक बुवानीवाला द्वारा सामाजिक क्षेत्र में सक्रिय योगदान, संगठन के प्रति समर्पण और पत्रकारिता के लंबे अनुभव को देखते हुए की गई है।

नियुक्ति की घोषणा के बाद रोहतक सहित विभिन्न क्षेत्रों में अग्रवाल समाज के लोगों ने खुशी व्यक्त करते हुए हरिओम मित्तल को बधाई दी। समाज के गणमान्य व्यक्तियों और विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों ने इसे संगठन के लिए सकारात्मक कदम बताया। प्रदेश अध्यक्ष अशोक बुवानीवाला ने कहा कि हरिओम मित्तल के अनुभव और नेतृत्व क्षमता से संगठन को नई दिशा और मजबूती मिलेगी। उन्होंने विश्वास जताया कि वे समाजहित के कार्यों को प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाएंगे। नवनियुक्त प्रदेश सह-महासचिव हरिओम मित्तल ने संगठन नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन पर जताए गए विश्वास पर पूरी निष्ठा और ईमानदारी से खरा उतरने का प्रयास करेंगे। उन्होंने समाज के सभी वर्गों को जोड़ने, युवाओं को संगठन से जोड़ने तथा समाजहित के कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने को अपनी प्राथमिकता बताया।

### पुराने तहसील कार्यालय में रद्द रिकॉर्ड से भरा है एक कमरा, नष्ट करने की मांग



**महम।** पुराने तहसील कार्यालय की बिल्डिंग में वकीलों के चैंबरों पास एक कमरा रद्दी रिकॉर्ड से भरा हुआ है। यह रिकॉर्ड रद हो चुका है। लेकिन कमरे को खाली नहीं किया जा रहा। वकील इस कमरे को खाली करने की मांग कर रहे हैं। सीनियर एडवोकेट रोहतास राठी ने बताया कि खजाना कार्यालय के पास एक कमरा रद्दी कागजों से भरा हुआ है। इस कमरे में पड़े इन कागजों में सांप, बिच्छु और कीड़े मकौड़े रहते हैं। यदि इस कमरे को खाली नहीं किया गया तो यहां पर काम करने वाले स्टाफ या आने वाले किसी व्यक्ति को सांप या बिच्छु काट सकते हैं। इसलिए इस रद रिकॉर्ड को नष्ट करवाया जाना चाहिए। रोहतास राठी ने बताया कि उनका चैंबर नंबर एक भी इस कमरे के पास ही है। हमेशा यहां पर भी सांप बिच्छु घुसने का खतरा बना रहता है। इस रिकॉर्ड को नष्ट करवाने की मांग को लेकर उन्होंने पहले एसडीएम महम को पत्र लिखा था। लेकिन यहां पर कोई सुनवाई नहीं हुई। उसके बाद उन्होंने सीएम विंडो पर शिकायत की। लेकिन सीएम विंडो को लगाए भी पूरे दो साल बीत गए है। मगर यह रिकॉर्ड यहां से नहीं हटाया गया। उन्होंने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और जिला उपायुक्त सचिन गुप्ता से रिकॉर्ड को नष्ट करने की मांग की है।

### पीजीआई के डॉक्टरों की टीम ने की खेड़ी महम में एंडोक्राइन मरीजों की जांच

**महम।** रविवार को खेड़ी महम गांव के श्री शिवानंद धर्मार्थ चिकित्सालय में रोहतक पीजीआई के डॉक्टरों की टीम ने एंडोक्राइन डिजीज की जांच के लिए निशुल्क कैंप लगाया। इस दौरान डॉक्टरों ने ग्रंथियों से संबंधित बीमारियों की जांच की। जिसमें थायरॉइड, शुगर, अग्नाशय, मेटाबॉलिजम और नसों से संबंधित बीमारियों की फ्री जांच की गई और रोगियों को दवाइयां भी निशुल्क प्रदान की गई। कैंप का नाम इंडो कैंप रखा गया था। इंडो कैंप में करीब 100 लोगों ने अपने स्वास्थ्य की जांच करवाई। यह शिविर श्री शिवानंद चैरिटेबल हॉस्पिटल के मुख्य चिकित्सक कृष्ण कुमार लांबा द्वारा आयोजित किया गया। इस शिविर में रोहतक पीजीआईएमएस के एसोसिएट प्रोफेसर डॉक्टर विकास भट्टी बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। डॉक्टर कृष्ण कुमार लांबा और डॉक्टर दीपांशु लांबा ने रोहतक पीजीआई से आई डॉक्टरों की टीम का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। शिविर के समापन समारोह के दौरान डॉक्टरों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। खेड़ी महम गांव और अस्पताल प्रबंधन ने चिकित्सकों आभार जताया।



**सुविधा** | बाबरा मोहल्ला में रोटरी फिजियोथेरेपी सेंटर का उद्घाटन

# समाज के हर वर्ग तक बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाना समय की आवश्यकता : राजेश जैन

### वैश्य धर्मार्थ होम्योपैथिक औष्धालय में नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में उमडी मरीजों की भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

रोटरी क्लब ऑफ रोहतक सैफायर द्वारा बाबरा मोहल्ला स्थित रोटरी फिजियोथेरेपी सेंटर (वैश्य धर्मार्थ होम्योपैथिक औषधालय) में नवनिर्मित फिजियोथेरेपी सेंटर का उद्घाटन एवं निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्लब सदस्यों, गणमान्य नागरिकों और बड़ी संख्या में मरीजों ने भाग लिया। मरीजों ने विशेषज्ञ चिकित्सकों से स्वास्थ्य परामर्श प्राप्त किया तथा निशुल्क दवाइयों का लाभ उठाया। मंच संचालन सुनील जैन ने किया।

मीडिया प्रभारी राजीव जैन ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एलपीएस बोसार्ड प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक राजेश जैन रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व महापौर मनमोहन गोयल ने की। क्लब के प्रधान विजय तायल, सचिव नितिन तायल, कोषाध्यक्ष विकास कंसल, असिस्टेंट गवर्नर डॉ. अजीत पाल सिंह, विनोद जैन, परियोजना अध्यक्ष नरेश जैन, सीए सुशील जैन सहित अन्य पदाधिकारियों ने रिबन काटकर एवं रिमोट का बटन दबाकर फिजियोथेरेपी सेंटर का उद्घाटन किया। स्वास्थ्य जांच शिविर में गुरुग्राम के मैक्स हॉस्पिटल से आए विशेषज्ञ चिकित्सकों ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं। ऑर्थोपेडिक विशेषज्ञ डॉ. नरेंद्र कुमार, गैस्ट्रोएंटेरोलॉजिस्ट डॉ. अनुभव जैन, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. एस.आर. शेली तथा हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. सुनील वाधवा ने मरीजों का परीक्षण कर आवश्यक परामर्श दिया। शिविर में रक्तचाप, रक्त शर्करा, ईसीजी सहित विभिन्न स्वास्थ्य जांचें निशुल्क की गईं। इस अवसर पर राहुल जैन, संजय गोयल, प्रदीप शर्मा, दिनेश तायल, कुलदीप गुप्ता, रोहित गर्ग, ललित बंसल, अनिल बंसल सहित अनेक सदस्य एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।


**रोहतक।** नवनिर्मित फिजियोथेरेपी सेंटर का उद्घाटन करते मुख्य अतिथि एलपीएस बोसार्ड प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक राजेश जैन व पूर्व महापौर मनमोहन गोयल। फोटो : हरिभूमि

#### आमजन को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य

मुख्य अतिथि राजेश जैन ने कहा कि समाज के हर वर्ग तक बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाना समय की आवश्यकता है। वहीं मनमोहन गोयल ने कहा कि सामाजिक संस्थाओं के ऐसे प्रयास आमजन को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। अंत में क्लब पदाधिकारियों ने सभी अतिथियों, चिकित्सकों एवं सहयोगी संस्थाओं का आभार व्यक्त किया तथा उन्हें पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

## लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए एसआईआर की सही जानकारी पहुंचाना जरूरी : दांगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम

महम स्थित कांग्रेस कार्यालय में रविवार को एसआईआर को लेकर एक महत्वपूर्ण कार्यकर्ता बैठक हुई। बैठक में महम विधायक बलराम दांगी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए एसआईआर की प्रक्रिया, उसके महत्व तथा संगठन की आगामी रणनीति पर विस्तार से चर्चा की। लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत बनाने और मतदाताओं के अधिकारों की रक्षा के लिए एसआईआर प्रक्रिया को गंभीरता से समझना और आमजन तक इसकी सही जानकारी पहुंचाना आवश्यक है। दांगी ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे गांव-गांव और बूथ स्तर तक पहुंचकर लोगों को जागरूक करें व यह सुनिश्चित करें कि किसी भी पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची से वंचित न रहे। विधायक ने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा लोकतांत्रिक मूल्यों और संविधान की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध रही है। कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है कि वे जनता के बीच जाकर उनकी समस्याओं को सुनें। पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाएं। बैठक में संगठन की मजबूती, बूथ प्रबंधन, जनसंपर्क अभियान तथा आगामी कार्यक्रमों को लेकर भी विस्तृत विचार-विमर्श किया गया।


**महम।** कांग्रेस की हलका स्तरीय बैठक को संबोधित करते विधायक बलराम दांगी।

#### मुआवजा व नौकरी देने की मांग

पूर्व मंत्री आनंद सिंह दांगी ने रोहतक के डी-पार्क क्षेत्र में हुई आगजनी की घटना पर भी दुख व्यक्त किया गया। प्रभावित परिवारों को सरकार से पीड़ितों को 25 लाख रुपये मुआवजा देने तथा पीड़ित परिवार के एक सदस्य को नौकरी देने की मांग की। इस अवसर पर ब्लॉक प्रधान जगत सिंह काला, धर्मराज सरपंच उपप्रधान जाट संस्था रोहतक,राजू ढाका, सोमनाथ गिरोत्रा, जयनारायण एमसी, संजय शर्मा, पवन सिवाच, समुंद्र सरपंच, संदीप, संजय सरपंच, दयानंद डायरेक्टर, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष बालकिशन शर्मा, जिला महासचिव अमित नंबरदार, जिला महासचिव संजय राठी, जिला सचिव जोमबीर सिंधु, जिला सचिव तस्वीर, जिला सचिव घासी राम उपस्थित रहे।

## रिंग में बेटियों और अखाड़े में संवर रहे बेटों के सपने

# रोहतक बना स्पोर्ट्स हब, गढ़े जा रहे भविष्य के चैंपियन

### देशभर के पहलवान अखाड़ों में भी सीख रहे दांव पेंच

## बेहतर कोचिंग, इंटरनेशनल पार्टनर्स और देसी डाइट खिलाड़ियों को लुभा रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

सिटी पल्स

हरियाणा की पहचान केवल पदक जीतने वाले खिलाड़ियों से नहीं, बल्कि चैंपियन तैयार करने वाली उसकी खेल संस्कृति से भी है। इसी कड़ी में रोहतक अब देश का नया स्पोर्ट्स हब बनकर उभरा है, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान सहित कई राज्यों के खिलाड़ी अपने सपनों को साकार करने के लिए पहुंचे हैं। बेहतर खेल सुविधाएं, अनुभवी कोच, अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों के साथ अभ्यास का अवसर और खेल के अनुकूल माहौल रोहतक को खास बनाते हैं। राजीव गांधी खेल स्टेडियम, छोटूराम स्टेडियम, मेहर सिंह अखाड़ा हो या रुड़की का शहीद बैतून सिंह स्टेडियम, यहां रोजाना भविष्य के चैंपियन तराशे जा रहे हैं। बाहरी राज्यों से आए खिलाड़ियों का मानना है कि रोहतक में उन्हें वह प्रशिक्षण और मार्गदर्शन मिल रहा है, जो उनके गृह राज्यों में उपलब्ध नहीं है। यही कारण है कि रोहतक अब देशभर के खिलाड़ियों के लिए चैंपियन बनने की सबसे भरोसेमंद पाठशाला बनता जा रहा है। हरियाणा का देसी खाना, खासकर यहां का शुद्ध दूध और घी इन एथलीटों को खूब पसंद आ रहा है।



एआई जेनरेटेड

### दोस्त के कहने पर आया : कपिल



रोहतक की देव कॉलोनी स्थित मेहर सिंह अखाड़े में कोच रणबीर ढाका की देखरेख में खिलाड़ी कुश्ती के दांव-पेंच सीख रहे हैं। उत्तर प्रदेश के पहलवान कपिल साल 2022 से इस अखाड़े में अभ्यास कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि वह दोस्त विशाल के कहने पर यहां आया था। यहां इतने सारे इंटरनेशनल पहलवानों के साथ मैट साझा करने का अनुभव अद्भुत है।

### कोच रखते नजर : चेतन



महाराष्ट्र से आए पहलवान चेतन 2023 से यहां अभ्यास कर रहे हैं। चेतन ने बताया कि शुरुआत में उन्हें भाषा समझने में थोड़ी दिक्कत हुई थी, लेकिन अब सब ठीक है। उन्होंने कहा महाराष्ट्र में खेल सुविधाएं इतनी अच्छी नहीं हैं। रोहतक में कोच बहुत सपोर्टिव हैं। इस अखाड़े में 6 से 7 कोच हैं, जो हर बच्चे की बारीकियों पर नजर रखते हैं।

### बेहतर माहौल : अरमान




राजस्थान के पहलवान अरमान ने महज तीन-चार महीने पहले ही यहां आना तय किया। साल 2024 से कुश्ती की शुरुआत करने वाले अरमान पहले ही स्टेट जूनियर और सीनियर प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीत चुके हैं। अरमान ने बताया, अखाड़े का माहौल बहुत सकारात्मक है। अखाड़ा संचालक मोहित मलिक भी खिलाड़ियों की हर संभव मदद करते हैं।

### यहां अच्छी सुविधाएं : शिवांगी



रुड़की गांव स्थित शहीद बैतून सिंह स्टेडियम में कोच विजय हुड्डा की देखरेख में उत्तर प्रदेश की बेटियां मुक्केबाजी में अपना भविष्य संवार रही हैं। उत्तर प्रदेश की बॉक्सर शिवांगी ने बताया कि वह साल 2022 में गांव रुड़की में कोच विजय हुड्डा के पास अभ्यास करने के लिए आई थीं। यूपी में खेल की इतनी अच्छी सुविधा नहीं है और न ही वहां खेलने का इतना ज्यादा क्रेज है। रोहतक में खेलने का माहौल और सुविधाएं बहुत अच्छी हैं। यहां अंतरराष्ट्रीय स्तर की बॉक्सर हैं, जिनसे काफी सीखने को मिलता है। शिवांगी 8 बार की स्टेट चैंपियन रही हैं। साल 2026 में ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीता है।

### खाना बहुत अच्छा : किटू



उत्तर प्रदेश की ही एक और बॉक्सर किटू ने बताया कि वह साल 2021 में शहीद बैतून सिंह स्टेडियम में अभ्यास करने के लिए आई थीं। किटू को यहां के बारे में उनकी दोस्त आरती ने बताया था। यहां कोच बहुत अच्छे हैं और रिंग में एक-एक चीज को बारीकियों से बताते हैं, जिससे खेल में बहुत सुधार आया है। किटू ने साल 2018 में बॉक्सिंग खेलना शुरू किया था और वह चार बार की स्टेट चैंपियन रह चुकी हैं। हरियाणा का खाना भी बहुत अच्छा है, एकदम देसी खाना है। वह रुड़की गांव में ही रहती हैं, इसलिए उन्हें यहां बहुत अच्छा दूध और घी मिल जाता है।

### इसलिए पहली पसंद बना

**इंटरनेशनल पार्टनर्स**

अखाड़ों और स्टेडियमों में अंतरराष्ट्रीय स्तर के सीनियर खिलाड़ी अभ्यास करते हैं, जिनसे जूनियर खिलाड़ियों को काफी मोटिवेशन मिलता है।

**सपोर्टिव कोचिंग स्टाफ**

खिलाड़ियों को निखारने के लिए कोच दिन-रात मेहनत करते हैं और हर खिलाड़ी पर व्यक्तिगत ध्यान देते हैं।

**डाइट और माहौल**

खेल अनुकूल माहौल और शुद्ध खान-पान खिलाड़ियों की स्टैमिना बढ़ाने में सबसे मददगार साबित हो रहा है।

---

### 13 जून को लुधियाना में हुई प्रतियोगिता, घुटने में गंभीर चोट के बावजूद जीते पदक

# महम की बेटी निधि का कॉमनवेल्थ में चयन संघर्षों को मात देकर चक्का फेंक में चमकी

### मां सुशीला ने हर कदम पर दिया बेटी का साथ, रेलवे में कर रही नौकरी

रोहित डागर ▶▶| रोहतक

चोटों के कारण लगे लंबे समय के ब्रेक और कई सर्जरी के दर्द को पीछे छोड़ते हुए रोहतक के महम की बेटी निधि ने इतिहास रच दिया है। निधि का चयन आगामी कॉमनवेल्थ गेम्स के लिए डिस्कस थ्रो (चक्का फेंक) स्पर्धा में हो गया है। 13 जून को लुधियाना में आयोजित की गई कड़ी चयन ट्रायल में शानदार प्रदर्शन कर उन्होंने यह मुकाम हासिल किया। उनकी इस उपलब्धि से पूरे क्षेत्र और खेल जगत में खुशी की लहर है। निधि कोच राजेश के पास अभ्यास करती हैं।

निधि के खेल के प्रति रुझान की कहानी काफी दिलचस्प है। उन्होंने बताया कि साल 2016 में उन्होंने इस खेल को अपना करियर बनाने की सोची। निधि के मुताबिक, डिस्कस थ्रो देखने में बेहद आकर्षक और अच्छा लग रहा था। मैंने कुछ खिलाड़ियों को ग्राउंड पर खेलते हुए देखा और उन्हीं से प्रेरित होकर मैंने चक्का फेंकने का अभ्यास शुरू कर दिया। निधि के पिता ईश्वर सिंह सेना (आर्मी) से सेवानिवृत्त हैं और मां सुशीला एक गृहणी हैं, जिन्होंने हर कदम पर अपनी बेटी का हौसला बढ़ाया। वर्तमान में निधि भारतीय रेलवे में कार्यरत हैं।



निधि

**कोच राजेश ने दी बधाई कहा- देश को है उम्मीद**

निधि इस समय अपने कोच राजेश की देखरेख में कड़ा अभ्यास कर रही हैं। कोच राजेश ने अपनी होनहार शिष्या को बधाई दी। उन्होंने निधि की तारीफ करते हुए कहा कि निधि ने मुश्किल दौर को अपनी मेहनत और पक्के इरादे से पार किया है। कोच ने उन्हें आगे कॉमनवेल्थ गेम्स में भी देश के लिए पदक जीतने और शानदार प्रदर्शन जारी रखने के लिए प्रेरित किया।

**चोटों से भरा रहा सफर: 2017 से 2023 तक रहा कड़ा संघर्ष**

निधि की यह सफलता जितनी बड़ी है, उनका संघर्ष भी उतना ही गहरा रहा है। उन्होंने बताया कि साल 2017 में उन्हें घुटने में गंभीर चोट लगी थी। दुर्भाग्य से उस समय उनकी सर्जरी ठीक से नहीं हो पाई, जिसके कारण यह दर्द साल 2022 तक लगातार बना रहा। 2022 में उन्होंने दोबारा सर्जरी करवाई, लेकिन किस्मत ने फिर परीक्षा ली और वे दोबारा चोटिल हो गईं। आखिरकार, साल 2023 में वे पूरी तरह से इस चोट से उबर पाईं। 2023 में नेशनल गेम्स में रजत पदक जीता। 2024 में फेडरेशन कप में स्वर्ण पदक पर कब्जा किया। 2025 में अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में रजत पदक जीतकर देश का नाम रोशन किया।



रोहतक। विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

## हरियाणा स्टेट शूटिंग चैंपियनशिप : अभिनंदन अकादमी के निशानेबाजों का दमदार प्रदर्शन, झटके 9 पदक

**रोहतक।** हरियाणा स्टेट शूटिंग चैंपियनशिप में अभिनंदन शूटिंग अकादमी के खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए ऐतिहासिक प्रदर्शन किया है। अकादमी के निशानेबाजों ने सटीक निशाने लगाते हुए प्रतियोगिता में कुल 9 पदकों पर कब्जा किया, जिनमें 4 स्वर्ण, 2 रजत और 3 कांस्य पदक शामिल हैं। खिलाड़ियों की इस शानदार सफलता से अकादमी और खेल प्रेमियों में भारी उत्साह है। कोच संदीप नेहरा ने विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी। उन्होंने बताया कि चैंपियनशिप के विभिन्न मुकाबलों में कनक बुधवार ने एयर पिस्टल स्पर्धा में शानदार खेल दिखाते हुए 2 स्वर्ण पदक अपने नाम किए। वहीं, कविता रानी ने एयर राइफल तथा 50 मीटर स्पर्धाओं में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए 2 स्वर्ण एवं 1 कांस्य पदक जीता। इसके अलावा, एयर राइफल स्पर्धा में सुखेश नेहरा ने 1 स्वर्ण व 1 कांस्य पदक हासिल किया, जबकि सिद्धांत ने एयर पिस्टल स्पर्धा में दमदार प्रदर्शन करते हुए 1 रजत एवं 1 कांस्य पदक जीतकर अकादमी का नाम रोशन किया।कोच संदीप का कहना है कि यह सफलता खिलाड़ियों की कड़ी मेहनत, कड़े अनुशासन और निरंतर अभ्यास का ही परिणाम है। यह शानदार प्रदर्शन आने वाले राष्ट्रीय स्तर के मुकाबलों के लिए खिलाड़ियों का मनोबल और अधिक बढ़ाएगा।

---

# श्रीबालाजी धाम डोभ में संकीर्तन व लगा भंडारा

### 93वीं पैदल ध्वजा यात्रा पहुंची धाम



रोहतक। पैदल ध्वजा यात्रा निकालते श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

- कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर बालाजी महाराज का आशीर्वाद लिया
- स्वास्थ्य शिविर में आंखों और दांतों की जांच, फिजियोथेरेपी एवं सामान्य चिकित्सा परामर्श की सुविधा प्रदान की गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

भिवानी रोड स्थित श्रीबालाजी धाम, गांव डोभ में रविवार को भव्य संकीर्तन, भंडारा एवं निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर बालाजी महाराज का आशीर्वाद प्राप्त किया।धाम के संस्थापक प्रधान पुरुषोत्तम दास बंसल ने बताया कि प्रत्येक रविवार को दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक धाम में संकीर्तन, भंडारा तथा निशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाई जाती हैं। स्वास्थ्य शिविर में आंखों और दांतों की जांच, फिजियोथेरेपी एवं सामान्य चिकित्सा परामर्श की सुविधा प्रदान की गई। मरीजों को निःशुल्क दवाइयां एवं चश्मे भी वितरित किए गए। कार्यक्रम में अमन कौशिक, सुनील शर्मा एवं अमित कौशिक ने भजनों की मधुर प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया, जबकि रिंकू महादेव द्वारा प्रस्तुत आकर्षक झांकियां विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं। इस दौरान शनि देव मित्र मंडल, तेज कॉलोनी रोहतक एवं अन्य भक्तों द्वारा निकाली गई 93वीं पैदल ध्वजा यात्रा भी धाम पहुंची। श्रद्धालु हाथों में ध्वज लेकर "जय श्री राम" के जयकारों और भजनों के साथ पूरे उत्साह से यात्रा में शामिल हुए। कार्यक्रम में हर्षित कोचर, नवीन तनेजा, पंकज पाहवा, मुकेश पाहवा, बलदेव कत्याल, शिवम कत्याल, तुषार तनेजा, सौरव निझावन, नंदन मिश्रा सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।

---

## पूर्व मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर को सम्मानित किया




रोहतक। आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर को सम्मानित करती महिलाएं। फोटो : हरिभूमि

**रोहतक।** शिव नगर भिवानी चुंगी में शनिवार को पूर्व मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर के सम्मान में एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की संयोजक कोमल रंगा रहीं, जबकि आयोजन समस्त शिव नगर वासियों की ओर से किया गया। मुख्य अतिथि मनीष ग्रोवर ने अपने संबोधन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि उनके सबका साथ, सबका विकास के नारे से आज अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति तक लाभ पहुँच रहा है। उन्होंने युवाओं को बिना खर्ची-पर्ची के मिल रही नौकरियों का भी जिक्र किया। इस अवसर पर चेयरमैन अशोक चौधरी, विकास बंसल, मोहित धन्वंतरी, राष्ट्रपति अवार्ड से सम्मानित पूर्व सरपंच सुरेश (पटवापुर), रामपाल सिंह चौहान और जितेंद्र रोहिल्ला सहित सैकड़ों निवासी मौजूद रहे।

## योग स्वस्थ जीवन की कुंजी सभी अपनाएं : राजेश जैन

**रोहतक।** स्वामी बालकपुरी मेमोरियल पार्क में महामंडलेश्वर स्वामी कर्ण पुरी के सानिध्य में आयोजित विशाल योग शिविर में एलपीएस बोसार्ड के प्रबंध निदेशक राजेश जैन मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए योग को स्वस्थ जीवन की कुंजी बताते हुए नियमित रूप से योग अपनाने का आह्वान किया। योग केवल शारीरिक स्वास्थ्य तक सीमित नहीं है, बल्कि यह मानसिक शांति, आत्मिक उन्नति और सकारात्मक जीवनशैली का भी महत्वपूर्ण माध्यम है। वर्तमान समय में तनावपूर्ण जीवन के बीच योग की उपयोगिता और अधिक बढ़ गई है। योग शिविर का आयोजन 14 जून से 21 जून तक किया जा रहा है। शिविर में प्रख्यात योगाचार्य जोगेन्द्र शास्त्री प्रतिदिन प्रतिभागियों को विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास करवा रहे हैं। बड़ी संख्या में नागरिक शिविर में भाग लेकर योग के माध्यम से स्वस्थ एवं संतुलित जीवन जीने की प्रेरणा प्राप्त कर रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान आयोजकों ने मुख्य अतिथि राजेश जैन का स्वागत एवं सम्मान किया तथा उनके प्रेरणादायक विचारों के लिए आभार व्यक्त किया।




## विश्व रक्तदाता दिवस पर वेबिनार में डॉ. सलूजा ने बताया रक्तदान का महत्व

**रोहतक।** आरपी एजुकेशन सोसायटी, आईएसबीटीआई हरियाणा, साईं वेलफेयर सोसाइटी और सीएसईआर के संयुक्त तत्वाधान में 'विश्व रक्तदाता दिवस' के अवसर पर 'मानवता की एक बूंदः रक्तदान करें, जीवन बचायें' विषय पर एक वेबिनार का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता आईएसबीटीआई हरियाणा के प्रधान डॉ. जीपी सलूजा ने रक्तदाताओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए रक्त की गुणवत्ता विकास की यात्रा पर प्रकाश डाला। विशिष्ट अतिथि पीजीआई मॉडल ब्लड बैंक के इंचार्ज डॉ. गजेंद्र सिंह ने सौ प्रतिशत स्वैच्छिक रक्तदान का लक्ष्य हासिल करने के लिए सकारात्मक सोच और सामूहिक प्रयासों का आह्वान किया। डॉ. सतीश कुंडू ने बताया कि यह दिवस ब्लड ग्रुप के खोजकर्ता नोबेल पुरस्कार विजेता कार्ल लैंडस्टीनर के जन्मदिन के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। वेबिनार में हनुमानगढ़ की बिमला कांसवा (60 बार रक्तदानी), साइकिल से 48,000 किमी यात्रा करने वाले अमर सिंह, देवेंद्र चहल, और रामकुमार गहलावत ने अपने अनुभव साझा किए। दीपक कादयान, तक़दीर कुंडू, प्रोफेसर जितेंद्र प्रसाद, डॉ. अलका, कोच नीरज दहिया, डॉ. सुनील तोमर, श्रीभगवान पहल और सुमन रानी ने भी विचार रखते हुए समाज में रक्तदान से जुड़ी भ्रांतियों को दूर करने, महिलाओं के पोषण और एनीमिया की रोकथाम पर बल दिया।

## पर्यावरण और गोसेवा समाज के लिए प्रेरणादायक : गोविन्दराम



**रोहतक।** पर्यावरण बचाओ, जीवन बचाओ समिति के तत्वावधान में संचालित सेवा कार्यों का जायजा लेने के लिए गोविन्दराम एवं अजेश गुप्ता ने वैश्य व्यायामशाला पार्क एवं स्थानीय गोशाला का विशेष दौरा किया। इस दौरान दोनों समाजसेवियों ने समिति द्वारा पर्यावरण संरक्षण, जीव दया और समाजहित में चलाए जा रहे विभिन्न प्रकल्पों का बारीकी से अवलोकन किया। संस्था के सेवा कार्यों की मुक्त कंठ से सराहना करते हुए अतिथियों ने कहा कि वर्तमान समय में पर्यावरण का संतुलन बनाए रखना और गोसेवा करना सबसे बड़ी मानवीय आवश्यकता है। समिति के कार्यकर्ता जिस निस्वार्थ भावना से धरातल पर कार्य कर रहे हैं, वह पूरे समाज के लिए मार्गदर्शक और प्रेरणादायक है। उन्होंने आमजन से भी अपील की कि वे अपनी व्यस्त दिनचर्या से समय निकालकर ऐसे पुनीत कार्यों में अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करें।कार्यक्रम के समापन पर समिति के पदाधिकारियों द्वारा दोनों वरिष्ठ समाजसेवियों का आभार व्यक्त कर उन्हें सम्मानित किया गया। इस अवसर पर राम चरण सिंगला, मुकेश गुप्ता, मनोज, विजय गुप्ता, मनीष गुप्ता, हरिओम गोयल, सतीश मास्टर, दिनेश और हरिप्रकाश सहित समिति के अनेक गणमान्य सदस्य मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## हरियाणा कला परिषद के वाइस चेयरमैन महेश जोशी का भव्य अभिनंदन

**रोहतक।** संस्कृति के सारथी संस्था, गुरुग्राम द्वारा हरियाणा कला परिषद के नवनियुक्त वाइस चेयरमैन महेश जोशी के सम्मान में झज्जर स्थित भाऊराव देवरस सेवा न्यास विश्राम सदन, एम्स परिसर के प्रेक्षागृह में अभिनंदन एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह में प्रदेशभर के कलाकारों, साहित्यकारों, रंगकर्मियों एवं संगीतज्ञों ने भाग लेकर उन्हें शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर कलाकारों ने विश्वास जताया कि महेश जोशी के नेतृत्व में हरियाणा की कला एवं संस्कृति को नई दिशा मिलेगी तथा कलाकारों को उचित सम्मान और अवसर प्राप्त होंगे। कार्यक्रम के दौरान महाराणा प्रताप के जीवन पर आधारित एक प्रभावशाली नृत्य-नाटिका का मंचन किया गया। गायत्री विजय के निर्देशन में बच्चों ने शानदार अभिनय और भावपूर्ण प्रस्तुति देकर दर्शकों की खूब सराहना बटोरी। महेश जोशी ने भाऊराव देवरस सेवा न्यास द्वारा किए जा रहे जनसेवा कार्यों की सराहना की। विलुप्त होती लोक कलाओं और जमीनी स्तर के कलाकारों को संरक्षण देना उनकी प्राथमिकता होगी। साथ ही वृद्ध कलाकारों की पेंशन संबंधी समस्याओं के समाधान का भी आश्वासन दिया। समारोह में सप्तक कल्चरल सोसाइटी रोहतक के कलाकारों को भी उनके नाट्य क्षेत्र में योगदान के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में साहित्य, संगीत, रंगमंच और शिक्षा जगत से जुड़े अनेक गणमान्य व्यक्ति तथा लगभग 300 कैंसर मरीज एवं उनके सहयोगी उपस्थित रहे।



### भिवानी जोन के निरंकारी बाल संत समागम में बच्चों की प्रस्तुतियों ने किया मंत्रमुग्ध

# बाल संतों ने दिया प्रेम, सेवा और मानवता का संदेश

- बच्चों में आध्यात्मिक एवं नैतिक मूल्यों का विकास वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज एवं पूज्य निरंकारी राजपिता रमित के पावन आशीर्वाद से टिकाणा श्रीसति भाई साईं दास महाराज, कलानौर में भिवानी जोन स्तरीय निरंकारी बाल संत समागम श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ संपन्न हुआ। समागम में रोहतक, भिवानी, चरखी दादरी और हिसार जिलों की शहरी एवं ग्रामीण शाखाओं से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं और बाल संगत ने भाग लिया। समागम की अध्यक्षता हिमाचल प्रदेश के सोलन से पधारे संत निरंकारी मिशन के वरिष्ठ महात्मा नितेश साहनी ने की। उन्होंने कहा कि बच्चों में आध्यात्मिक एवं नैतिक मूल्यों का विकास वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। ब्रह्मज्ञान के माध्यम से बच्चों में प्रेम, सेवा, सहनशीलता, विनम्रता और मानवता जैसे गुण विकसित होते हैं, जो उन्हें श्रेष्ठ नागरिक बनने की प्रेरणा देते हैं। कार्यक्रम के दौरान बाल संतों ने कविता, भक्ति गीत, विचार, कव्वाली और अपने अनुभवों के माध्यम से आध्यात्मिक संदेश दिए। लघु कवि दरबार एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में सेवा, समर्पण, अनुशासन, प्रेम और एकता जैसे विषयों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया। बाल प्रतिभाओं की प्रस्तुतियों ने संगत को भाव-विभोर कर दिया।

समागम में बाल प्रदर्शनी भी लगाई गई, जिसमें चित्रों के माध्यम से अनुशासन, पारिवारिक सौहार्द, सत्संग और ब्रह्मज्ञान के महत्व को दर्शाया गया। कार्यक्रम में विधायक भारत भूषण बत्रा, महंत राम सुख दास, महंत खुशहाल दास सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। समागम के अंत में कई श्रद्धालुओं ने ब्रह्मज्ञान प्राप्त कर अपने जीवन को प्रभु से जोड़ने का संकल्प लिया।



रोहतक। आयोजित कार्यक्रम में अपनी प्रस्तुति देते प्रतिभागी। फोटो : हरिभूमि



रोहतक। आयोजित कार्यक्रम में मौजूद संत व श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

## खबर संक्षेप

### गांव पाकस्मा में वैदिक प्रचार ने पकड़ी गति

**रोहतक।** वैदिक प्रचार और आर्यसामाजिक दृष्टि से प्रदेश भर में प्रसिद्ध रहे गांव पाकस्मा में सनातन वैदिक प्रचार की गति बढ़ती जा रही है। जहां गांव के आर्यसमाज में मंदिर में साप्ताहिक यज्ञ व सत्संग का कार्यक्रम निरन्तर अनेक वर्षो से चलता आ रहा है। अब खंदराण पाने के लालचन्द ठोले की चौपाल में प्रत्येक दूसरी अमावस्या को यज्ञ तथा सत्संग का कार्यक्रम भी आरम्भ किया गया है। दिलबाग सिंह की अध्यक्षता में आर्यसमाज समिति पाकस्मा ने कड़ी मेहनत तथा श्रद्धा से यह कार्यक्रम शुरु किया है। सोमवार को यह आयोजन बडी धूमधाम से किया जाएगा। वैदिक विद्वान श्रीकृष्णदेव शास्त्री यज्ञ ब्रह्मा होंगे। योगाचार्या बहन दयावती के मधुर गीतों के साथ हरयाणा के प्रसिद्ध भजनोपदेशक भास्कर के संगीतमय प्रचार की धूम रहेगी। गांव के लोगों और महिलाओं में आयोजन के प्रति उत्साह देखा जा रहा है।

### तंबाकू निषेध दिवस पर स्वास्थ्य जांच शिविर

**रोहतक।** विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर संतोष कैंसर फाउंडेशन और वी केयर मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल के सहयोग से गांव बेहलबा की छोटू राम धर्मशाला में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर, जागरूकता कार्यक्रम और खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।शिविर में 100 से अधिक ग्रामीणों की स्वास्थ्य जांच की गई और उन्हें निशुल्क दवाइयां दी गईं। विशेषज्ञ डॉक्टरों ने ईएनटी, हड्डी रोग व अन्य बीमारियों की जांच कर परामर्श दिया तथा तंबाकू सेवन से होने वाले गंभीर रोगों के बारे में जागरूक किया। मुख्य अतिथि पहलवान मोनू टाइगर ने युवाओं से नशे से दूर रहकर खेलों को अपनाने की अपील की। कार्यक्रम में करीब 150 खिलाड़ियों ने कुश्ती और खो-खो प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया। आयोजकों ने नशामुक्त और स्वस्थ समाज का संदेश दिया।

## डी पार्क अग्निकांड: पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए एकजुट हुआ व्यापारी समाज

# एक करोड़ रुपये मुआवजा, सरकारी नौकरी और व्यापारी कल्याण कोष बनाने की मांग

**व्यापारियों का जीएसटी राजस्व का एक फीसदी हिस्सा व्यापारी कल्याण कोष में देने का सुझाव**

**फायर ब्रिगेड की तैनाती और सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की भी अपील**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक

सिविल सिविल रोड स्थित एक निजी होटल में रविवार को हरियाणा के प्रमुख व्यापारिक संगठनों की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता हरियाणा जनहित व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष अनिल कुमार भाटिया ने की, जबकि हरियाणा व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष विजय कुमार गुप्ता ने नेतृत्व किया और संचालन हेमंत बख्शी ने किया। बैठक की शुरुआत स्वर्गीय व्यापारी नेता लक्ष्मी चंद गुप्ता की 22वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि और दो मिनट के मौन के साथ हुई। साथ ही मॉडल टाउन डी पार्क अग्निकांड में मृत व्यापारियों और कर्मचारियों को भी श्रद्धांजलि दी गई। बैठक में मॉडल टाउन कपड़ा मार्केट आगजनी घटना पर विस्तृत चर्चा की गई। अनिल कुमार भाटिया ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा गठित जांच एवं राहत समिति में व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधियों को शामिल किया जाए। उन्होंने मांग की कि प्रत्येक मृतक के परिजनों को कम से कम 1 करोड़ रुपये मुआवजा और एक सदस्य को सरकारी नौकरी दी जाए। हरियाणा व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष विजय कुमार गुप्ता ने कहा कि व्यापारी वर्ग राज्य के राजस्व में महत्वपूर्ण योगदान देता है, ऐसे में जीएसटी राजस्व का 1 प्रतिशत हिस्सा व्यापारी कल्याण कोष के रूप में निर्धारित किया जाना चाहिए।



**रोहतक।** पत्रकारों से बातचीत करते हरियाणा व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष एवं रोहतक ट्रेडर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष हेमंत बख्शी,अनिल कुमार भाटिया,बिट्टू सचदेवा, अजय धनखड़ व विजय कुमार गुप्ता। *फोटो: हरिभूमि*

### बैठक में ये रहे मौजूद

इस सम्मेलन में रोहतक ट्रेडर्स एसोसिएशन के संरक्षक बलदेव राज मिगलानी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष बिट्टू सचदेवा, सिविल रोड एसोसिएशन के अध्यक्ष एस.के. गोयल, महेंद्र बत्रा, मील गोदाम रोड एसोसिएशन के अध्यक्ष राकेश सिक्का, नंदलाल मग्गू, गुलशन उप्पल, एम.एल. अरोड़ा, कपिल खुराना, राजकुमार पाहवा, आशु खुराना, जोगेंद्र सैनी, आशीष खुराना, संतलाल सहगल, ललित मोहन सैनी, रमेश कुमार मल्होत्रा, विकास सैनी, नरेश जैन, विराट मल्होत्रा, अंशुल गुप्ता सहित विभिन्न व्यापारिक संगठनों के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में व्यापारी उपस्थित रहे।

### सहायता प्रकोष्ठ बनाने का भी सुझाव

विजय कुमार गुप्ता ने आपदा, आगजनी या दुर्घटना की स्थिति में प्रभावित व्यापारियों को तुरंत आर्थिक सहायता मिल सकेगी। उन्होंने व्यापारी कल्याण बोर्ड के तहत विशेष सहायता प्रकोष्ठ बनाने का भी सुझाव दिया। बैठक में वक्ताओं ने फायर ब्रिगेड की तैनाती बढ़ाने, बाजारों में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने और आधुनिक अग्निशमन उपकरण लगाने पर जोर दिया। सब्जी मंडी एसोसिएशन के अध्यक्ष सोनू छाबड़ा ने कहा कि व्यापारियों की समस्याओं के समाधान तथा उनके अधिकारों की रक्षा के लिए संगठित प्रयास ही सबसे प्रभावी माध्यम हैं। हरियाणा व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष एवं रोहतक ट्रेडर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष हेमंत बख्शी ने आगजनी की घटना के दौरान अग्निशमन विभाग द्वारा बरती गई लापरवाही और विलंबित कार्रवाई के कारण आग ने विकराल रूप धारण कर लिया, जिससे 11 दुकानें जलकर राख हो गईं। मॉडल टाउन ट्रेडर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय धनखड़ ने सभी व्यापारिक संगठनों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि कठिन समय में एकजुट होकर पीड़ित परिवारों की आवाज उठाई है, वह व्यापारी समाज की शक्ति और एकता का परिचायक है।



**रोहतक।** डी-पार्क स्थित आगजनी प्रभावित दुकानों का दौरा करते सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा, भाजपा जिला अध्यक्ष रणबीर ढाका व अन्य।

**आगजनी स्थल पर पहुंचे सहकारिता मंत्री**

## सरकार प्रभावित परिवारों के साथ, हरसंभव मदद दी जाएगी

- घटना पर गहरा दुख जताया, बोले-बचपन से हमारा यहां आना जाना था

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक

हरियाणा के सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने रविवार को डी पार्क स्थित आगजनी प्रभावित दुकानों का दौरा किया। उन्होंने पीड़ित दुकानदारों से मुलाकात कर घटना की जानकारी ली तथा मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की। उन्होंने कहा कि वह खुद बचपन में यहां आते जाते रहते थे। वह व्यापारियों के दुख से भलिभांती परिचित हैं। सरकार प्रभावित परिवारों और व्यापारियों के साथ खड़ी है तथा उन्हें हरसंभव सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने व्यापारियों से अपने प्रतिष्ठानों में अग्नि सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम सुनिश्चित करने की अपील भी की। इसके बाद सहकारिता मंत्री गांव पहरावर पहुंचे, जहां उन्होंने गौड़ ब्राह्मण विद्या प्रचारिणी सभा द्वारा संचालित शिक्षण संस्थानों के निर्माणाधीन भवनों का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्माण कार्य में तेजी लाने तथा निर्माण सामग्री की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। हरियाणा के सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीते 12 वर्ष देश के लिए ऐतिहासिक रहे हैं। इस दौरान भारत ने विकास, सुशासन और जनकल्याण के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की सोच राष्ट्रहित सर्वोपरि और सेवाभाव पर आधारित है, जिसके अनुरूप केंद्र और प्रदेश सरकार कार्य कर रही हैं। डॉ. शर्मा रविवार को रोहतक में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।

### सरकारी योजनाओं का लाभ पात्रों तक पहुंच रहा

प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में नए भारत की मजबूत नींव रखी गई है। शासन व्यवस्था में पारदर्शिता बढ़ी है तथा सरकारी योजनाओं का लाभ सीधे पात्र लोगों तक पहुंच रहा है। मंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि विकसित भारत-2047 के लक्ष्य की दिशा में देश तेजी से आगे बढ़ रहा है और आने वाले वर्षों में भारत विश्व की अग्रणी अर्थव्यवस्थाओं में और अधिक मजबूत स्थान बनाएगा। एसडीएम आशीष शर्मा, भाजपा जिला अध्यक्ष रणबीर ढाका, पूर्व मेयर मनमोहन गोयल, प्रवीण कौशिक, आजाद सिंह अत्री, मोनू अत्री, डॉ. जेपी शर्मा, विपुल शर्मा सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## पीड़ित परिवारों से मिले भूपेंद्र हुड्डा

- अग्निकांड की उच्चस्तरीय जांच और परिजनों को सरकारी नौकरी और मुआवजे दिलवाने की मांग

**रोहतक।** पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा रविवार को डी पार्क हादसे में मारे गए लोगों के परिजनों से मिलने पहुंचे। पूर्व सीएम ने पीड़ित परिवारों से मिलकर शोक प्रकट किया। साथ ही परिवारों को सांत्वना दी और कहा कि यह हादसा अत्यंत दुखद और पीड़ादायक है, जिसकी क्षति की भरपाई संभव नहीं है। उन्होंने परिवारों को भरोसा दिलाया हुए कहा कि इस कठिन समय में पूरा प्रदेश और कांग्रेस पार्टी उनके साथ खड़ी है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा घोषित मुआवजा इस अपूरणीय क्षति के मुकाबले अपर्याप्त है। पीड़ित परिवारों को पर्याप्त आर्थिक सहायता प्रदान की जाए तथा प्रत्येक प्रभावित परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देकर उनके भविष्य को सुरक्षित किया जाए। सरकार से घोषित मुआवजा राशि को बिना किसी देरी के तत्काल प्रभावित परिवारों तक पहुंचाए। साथ ही इस हादसे के कारणों की निष्पक्ष, पारदर्शी और उच्चस्तरीय जांच कर दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करे, ताकि भविष्य में ऐसी दुखद घटना न हो।



**रोहतक।** पीड़ित परिवारों से मिलकर शोक प्रकट करते पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा।

## दुकानदार आज प्रशासन को सौंपेंगे शपथ पत्र और जरूरी कागजात

**▸▸ मुआवजा एक सप्ताह में दिलवाने के लिए बनाई गई है कमेटी**

**रोहतक।** डी पार्क मार्केट में हुए भीषण अग्निकांड के बाद प्रभावित दुकानदार अब राहत और मुआवजे को लेकर प्रशासन पर निर्भर हैं। हादसे में 12 दुकानें जलकर राख हो गई थीं और तीन युवकों की मौत से शहर में शोक का माहौल है। प्रशासन द्वारा गठित कमेटी सोमवार को पीड़ित दुकानदारों से शपथ पत्र और जरूरी दस्तावेज लेगी, जिसके आधार पर नुकसान का आकलन कर मुआवजा प्रक्रिया आगे बढ़ाई जाएगी। प्रशासन ने एक सप्ताह के भीतर राहत राशि जारी करने का आश्वासन दिया है। हादसे की जांच और आर्थिक नुकसान के आकलन के लिए दो अलग-अलग कमेटियां बनाई गई हैं। एक ओर जहां नुकसान का मूल्यांकन किया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर मजिस्ट्रेट जांच में आग लगने के कारणों और सुरक्षा खामियों की पड़ताल की जा रही है।व्यापारियों का कहना है कि उन्हें करोड़ों रुपये का नुकसान हुआ है, इसलिए वास्तविक क्षति के अनुरूप मुआवजा दिया जाए। साथ ही मृतकों के परिवारों को सरकारी नौकरी देने की मांग भी उठाई जा रही है।डी पार्क मार्केट एसोसिएशन के प्रधान अजय धनखड़ ने बताया कि सोमवार को सभी दस्तावेज प्रशासनिक टीम को सौंपे जाएंगे और मुआवजा प्रक्रिया तेजी से पूरी करने का भरोसा दिया गया है।

**स्वदेशी जागरण मंच का प्रशिक्षण संपन्न**

## आत्मनिर्भर भारत, आर्थिक स्वावलंबन और नेतृत्व पर चर्चा

**रोहतक।** स्वदेशी जागरण मंच एवं स्वावलंबी भारत अभियान, हरियाणा द्वारा आयोजित दो दिवसीय प्रांत विचार एवं प्रशिक्षण वर्ग 13 और 14 जून को माधव सृष्टि, पट्टीकल्याणा (समालखा), पानीपत में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। प्रशिक्षण वर्ग में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए कार्यकर्ताओं ने भाग लेकर स्वदेशी विचारधारा, संगठनात्मक विकास और नेतृत्व क्षमता से जुड़े विषयों पर प्रशिक्षण प्राप्त किया।कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य कार्यकर्ताओं में स्वदेशी सोच को मजबूत करना, आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाना तथा संगठन विस्तार के लिए आवश्यक कौशल विकसित करना रहा। विभिन्न सत्रों में राष्ट्र निर्माण, आर्थिक स्वावलंबन, भारतीय संस्कृति, स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने और युवा सहभागिता जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई।रोहतक से प्रांत विश्वविद्यालय प्रमुख डॉ. प्रवीण, विभाग संयोजक अंकेश्वर प्रकाश सहित कई कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। समापन अवसर पर कार्यकर्ताओं ने स्वदेशी अभियान को गांव-गांव और संस्थानों तक पहुंचाने का संकल्प लिया।



## राजस्व मामलों के त्वरित निपटान को प्राथमिकता दें अधिकारी : उपायुक्त

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक

उपायुक्त सचिन गुप्ता ने कहा कि नागरिकों को राजस्व संबंधी सेवाएं समयबद्ध रूप से उपलब्ध कराना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि राजस्व न्यायालयों में लंबित मामलों के शीघ्र निपटान के लिए विशेष अभियान चलाया जाए तथा पुराने मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाया जाए। डीसी कैंप कार्यालय में रविवार को आयोजित राजस्व विभाग की मासिक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में लंबित राजस्व मामलों, भूमि प्रशासन, स्टांप शुल्क प्रकरणों, भूमि अधिग्रहण, शिकायत निवारण तथा एग्रीस्टैक से संबंधित कार्यों की समीक्षा की गई।

### लंबित मामलों की मॉनिटरिंग कर समयबद्ध निर्णय सुनिश्चित हो




सचिन गुप्ता ने बताया कि मई 2026 के दौरान एसडीएम रोहतक न्यायालय में विभिन्न श्रेणियों के 29 मामलों का निपटारा किया गया, जबकि एसडीएम सांपला न्यायालय में 5 मामलों का निस्तारण हुआ। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि लंबित मामलों की नियमित मॉनिटरिंग कर समयबद्ध निर्णय सुनिश्चित किए जाएं। राजस्व न्यायालयों की समीक्षा के दौरान उपायुक्त ने तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार न्यायालयों में लंबित बंटवारा, गिरदावरी और सीमांकन मामलों के निपटान में तेजी लाने के निर्देश दिए। मई माह में तहसीलदार रोहतक न्यायालय में 22, नायब तहसीलदार रोहतक में 23, तहसीलदार महम में 16 तथा नायब तहसीलदार महम न्यायालय में 7 मामलों का निपटारा किया गया।

### एनएच और एक्सप्रेसवे की 93% मुआवजा राशि वितरित

भूमि प्रशासन की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने भूमि अभिलेखों को अद्यतन रखने और विवादित मामलों के शीघ्र समाधान पर जोर दिया। उन्होंने समरगोपालपुर गांव में सरकारी भूमि पर अतिक्रमण संबंधी मामलों की समीक्षा करते हुए आवश्यक सीमांकन और कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि एनएच-152डी परियोजना में 96.40 प्रतिशत, दिल्ली-अमृतसर-कटरा एक्सप्रेसवे में 93.40 प्रतिशत तथा एनएच-709 परियोजना में लगभग 93 प्रतिशत मुआवजा राशि वितरित की जा चुकी है। शेष भुगतान भूमि स्वामित्व विवाद, विरासत इंतकाल और अन्य तकनीकी कारणों से लंबित हैं।

## सतर्क और सुरक्षित रहें

## किसी के साझा न करें ओटीपी सीवीवी और बैंक डिटेल : एसपी

- पुलिस ने जारी की साइबर सुरक्षा एडवाइजरी, डिजिटल ठगी से बचने की अपील
- डिजिटल अरेस्ट को फर्जी बताते हुए ऐसे कॉल से तुरंत सतर्क होने को कहा
- ठगी होने पर तुरंत 1930 हेल्पलाइन और साइबर पोर्टल पर अपनी शिकायत दर्ज करवाएं

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक

बढ़ते साइबर अपराधों और ऑनलाइन ठगी के मामलों को देखते हुए पुलिस ने आमजन को जागरूक करने के उद्देश्य से एक विस्तृत साइबर सुरक्षा एडवाइजरी जारी की है। पुलिस अधीक्षक गौरव राजपुरोहित ने नागरिकों को साइबर अपराधियों के नए-नए तरीकों से सतर्क रहने और सुरक्षित डिजिटल व्यवहार अपनाने की अपील की गई है। रोहतक पुलिस द्वारा जारी एडवाइजरी में लोगों को विशेष रूप से चेताया गया है कि वे किसी भी व्यक्ति के साथ अपना ओटीपी, सीवीवी, बैंक पासवर्ड या अन्य गोपनीय वित्तीय जानकारी साझा न करें।

पुलिस ने स्पष्ट किया है कि कोई भी बैंक, सरकारी एजेंसी या कंपनी फोन पर ऐसी जानकारी नहीं मांगती। एडवाइजरी में तथाकथित "डिजिटल अरेस्ट" को पूरी तरह फर्जी बताते हुए कहा गया है कि पुलिस, सीबीआई या अन्य जांच एजेंसियां वीडियो कॉल के माध्यम से किसी व्यक्ति को गिरफ्तार नहीं कर सकतीं। ऐसे कॉल आने पर तुरंत संपर्क समाप्त करने की सलाह दी गई है। इसके अलावा नागरिकों को अनजान लिंक, फर्जी केवाईसी अपडेट, बिजली बिल, पार्सल डिलीवरी और लॉटरी से जुड़े संदेशों से सावधान रहने को कहा गया है। पुलिस के अनुसार ऐसे लिंक पर क्लिक करने से मोबाइल फोन हैक हो सकता है और निजी जानकारी चोरी हो सकती है। रोहतक पुलिस ने अनधिकृत लोन एप से भी सतर्क रहने की सलाह दी है। अनावश्यक एप से बचने की सलाह दी है।

### सबसे बड़ा हथियार लोगों का डर व लालच



पुलिस अधीक्षक गौरव राजपुरोहित ने कहा कि साइबर अपराधियों का सबसे बड़ा हथियार लोगों का डर और लालच होता है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि किसी भी प्रकार की साइबर ठगी होने पर घबराएं नहीं, बल्कि गोल्डन ऑवर यानी पहले एक घंटे के भीतर साइबर हेल्पलाइन 1930 पर कॉल करें, साइबर क्राइम पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराएं तथा अपने बैंक को तुरंत सूचित करें। उन्होंने कहा कि सतर्कता और जागरूकता ही साइबर अपराधों से बचाव का सबसे प्रभावी उपाय है।

### साइबर खतरों के प्रति जागरूक किया

क्यूआर कोड और यूपीआई से जुड़े धोखाधड़ी के मामलों पर भी चेतावनी देते हुए उन्होंने बताया गया कि पैसा प्राप्त करने के लिए कभी क्यूआर कोड स्कैन नहीं करना पड़ता और यूपीआई पिन केवल भुगतान करते समय ही दर्ज किया जाता है। सोशल मीडिया सुरक्षा पर जोर देते हुए पुलिस ने फेसबुक और इंस्टाग्राम जैसे प्लेटफॉर्म पर प्रोफाइल को प्राइवेट रखने तथा अनजान लोगों से दूरी बनाए रखने की सलाह दी है। साथ ही ऑनलाइन नौकरी, टास्क, ओएलएक्स खरीद-बिक्री और बच्चों के ऑनलाइन गेमिंग से जुड़े साइबर खतरों के प्रति भी लोगों को जागरूक किया गया है।

हरिभूमि
**आवश्यक सूचना**
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

**मृत्यु अंत नहीं है**
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
**तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश**
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

**कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने किया कार्यों का निरीक्षण**

## भगवान परशुराम कैंपस-3 के निर्माण कार्यों को जल्द मिलेगी 15 करोड़ रुपये की मैचिंग ग्रांट





**रोहतक।** निर्माणाधीन कार्य का जायजा लेते कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक

सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने रविवार को गांव पहरावर के निकट सेक्टर-26 स्थित गौड़ ब्राह्मण विद्या प्रचारिणी सभा के भगवान परशुराम कैंपस-3 में चल रहे विकास कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्माणाधीन चारदीवारी सहित विभिन्न परियोजनाओं की प्रगति का जायजा लिया तथा कार्यों को गुणवत्ता के साथ शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के उपरांत डॉ. अरविंद शर्मा ने निर्माणाधीन कैंपस में आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि हरियाणा सरकार शीघ्र ही संस्था को लगभग 15 करोड़ रुपये की मैचिंग ग्रांट उपलब्ध करवाएगी, जिससे कैंपस में प्रस्तावित विकास कार्यों को नई गति मिलेगी। उन्होंने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री के सहयोग से संस्था की भूमि के साथ लगभग चार एकड़ अतिरिक्त भूमि भी उपलब्ध करवाई गई है। इस भूमि पर जल्द ही भव्य भगवान परशुराम स्मृति स्थल के निर्माण का कार्य प्रारंभ किया जाएगा, जो आने वाली पीढ़ियों के लिए आस्था, संस्कृति और प्रेरणा का महत्वपूर्ण केंद्र बनेगा। उन्होंने कहा कि यह एक ऐसा भव्य एवं आकर्षक स्थल होगा, जहां देश ही नहीं बल्कि विदेशों से भी श्रद्धालु एवं पर्यटक पहुंचेंगे।

### गौड़ ब्राह्मण विद्या प्रचारिणी सभा नेक काम कर रही

डॉ. शर्मा ने कहा कि गौड़ ब्राह्मण विद्या प्रचारिणी सभा शिक्षा, संस्कार एवं सामाजिक जागरूकता के क्षेत्र में सराहनीय कार्य कर रही है। संस्था द्वारा संचालित शैक्षणिक एवं सामाजिक गतिविधियां समाज के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। राज्य सरकार संस्था के विकास एवं विस्तार के लिए हर संभव सहयोग प्रदान करती रहेगी। उन्होंने बताया कि भगवान परशुराम कैंपस-3 में भगवान परशुराम लॉ कॉलेज, भगवान परशुराम नर्सिंग कॉलेज, भगवान परशुराम पब्लिक स्कूल तथा प्रशासनिक भवन का निर्माण किया जाएगा।

### ये रहे मौजूद

एडीएम रोहतक एवं गौड़ ब्राह्मण शिक्षण संस्थान के प्रशासक आशीष वशिष्ठ, गौड़ ब्राह्मण विद्या प्रचारिणी सभा के पदेन सचिव एवं प्राचार्य डॉ. जयपाल शर्मा, भाजपा जिला अध्यक्ष एडवोकेट रणवीर ढाका, एडवोकेट आजाद अत्री, मदवि गैर-शिक्षक प्रधान सुरेश कौशिक, राजकुमार दिमाना, धर्मवीर शर्मा, श्रीभगवान कौशिक बोहर, पार्षद प्रवीण कौशिक, एडवोकेट मोनू अत्री, जितेंद्र अत्री, जोगेंद्र अत्री, भीम भारद्वाज, डॉ. दलबीर कौशिक, डॉ. कपिल कौशिक, डॉ. तरुण वत्स, डॉ. कपिल भारद्वाज, मसूदपुर सरपंच भगवतदयाल सहित बड़ी संख्या में समाज के गणमान्य व्यक्ति एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।